अजरौंदा के तालाब को बरात घर बनाने के लिए मिट्टी से भरा

क्षेत्र में भूजल स्तर 250 से 300 फुट नीचे पहुंच गया

जागरण संवाददाता, फरीदाबाद : पांडव कालीन गांव अजरौंदा के एक मात्र तालाब में बरात घर बनाने के लिए मिट्टी भरवा दी गई है। अभी तक यहा पर बरात घर भी नहीं बनाया गया है। यही वजह है कि गांव और आसपास के क्षेत्र में भूजल स्तर 250 से 300 फुट नीचे पहुंच गया है। ऐसे ही हालात रहे तो एक दिन पानी ढूंढने से भी नहीं मिलेगा।

इंद्रप्रस्थ के नजदीक अज्ञातवास के दौरान पांडव यहां पर आए थे। पहले यहां पर काफी वन होते थे। अर्जुन के नाम पर इस स्थान पर एक वन का नाम अर्जुनदा पड़ा। अर्जुनदा से बिगड़ कर इस गांव का नाम अजरौंदा पड़ा है। इस गांव के बरसाती और नालियों के पानी को एकत्रित करने के लिए एक बड़ा तालाब था। यह तालाब करीब तीन एकड़ भूमि में फैला था। इस तालाब में पानी भरा होने की वजह से गांव व आसपास का भूजल स्तर बराबर बना रहता था। हर वर्ष बारिश के मौसम मे तालाब पूरी तरह से भर जाता था। अब गांव के आसपास हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण ने सेक्टर विकसित कर दिए है, इसलिए गांव के एक मात्र तालाब को भी प्रशासन ने ग्रामीणों के लिए बारात घर बनाने के बहाने मिट्टी से भरवा दिया है। अब गांव का पानी नालियों और नालों से बहकर आगरा नहर में डाला जाता है। यही वजह है कि भूजल स्तर लगातार घटता जा रहा है।

गांव अजरौंदा के तालाब को प्रशासन ने बरात घर बनाने के लिए मिट्टी भरा। जागरण

पहले तालाब बारिश के दिनों में भर जाता था। इसमें गांव के पशु पानी पीते थे और लोग नहाते-कपड़े धोते थे। जब से तालाब में नालियों का गंदा पानी बहकर आने लगा तो इसमें लोगों ने नहाना और कपड़े धोना बंद कर दिया। बचपन में तालाब में नहाना और तैरना याद आता है। अब तालाब ही नहीं है तो कहां नहाएं। **-सोमवीर**, अजरौंदा।

तालाब को बारात घर बनाने के लिए प्रशासन ने मिट्टी भरकर समतल कर दिया। यहां पर अभी तक प्रशासन ने बारात घर भी नहीं बनाया है। तालाब की जगह में आवारा पशु बैठे रहते हैं। कुछ लोग अपना सामान डाल देते है। यहां छठ मैया की पूजा के लिए एक छोटा सा पक्का तालाब अवश्य बना हुआ है। खाली स्थान पर पॉलीथिन कूड़ा करकट पड़ा रहता है। **-होशियार**, अजरौंदा।

पहले बारिश अच्छी होती थी। जिससे तालाब बारिश के मौसम में पूरी तरह से भर जाते थे। अब बारिश होती भी है तो उसका पानी बहकर नालियों और सीवर लाइन के माध्यम से नहरों में बह जाता है। शहरीकरण के नाम पर तालाबों को भी प्रशासन ने मिट्टी भरकर खत्म कर दिया है, इसलिए भूजल स्तर लगातार घटता जा रहा है। **-जितेंद्र, अजरौंदा।**

यदि तालाब को बारात घर बनवाने के लिए मिट्टी से न भरवाते तो कम से कम अभी भी बारिश का पानी तालाब में भर जाता। इससे भूजल स्तर बढ़ता। तालाब में तैरने वाले पक्षी जल मुर्गी, कीड़े खाने के लिए बगुला आदि पक्षी भी दिखाई देते। अब इन पक्षियों की तस्वीर देखने को मिलती हैं या फिर किसी चिड़िया घर में जाकर देखा जा सकता है। **-राजेंद्र अजरौंदा।**

अजरौंदा गांव के तालाब को बारात घर बनाने के लिए मिट्टी से भरवा दिया है। यहां पर बारात घर भी नहीं बनाया है। गांव मे दोबारा से तालाब बनाने की कोई योजना बनाई गई है या नहीं, इसके बारे में मुझे अभी जानकारी नहीं है। इसके बारे में मैं अधिकारियों के साथ चर्चा करुंगा। यदि ऐसी कोई योजना होगी तो उस पर कार्रवाई की जाएगी। **-अमरदीप जैन**, संयुक्त आयुक्त, ओल्ड फरीदाबाद।



तालाब बनाते जाना...

बुढ़ान, सरमन, कूड़न और कौंराई। चारों भाई अपने राजा से पारस पत्थर छिपाना चाहते थे। लेकिन सजा के डर से उसे बता दिया। राजा ने न पारस लिया, न सोना और कहा, जाओ अच्छे-अच्छे काम करते जाना, तालाब बनाते जाना। ये तालाब बुढ़ा, सरमन, कौंराई और कुंडम सागर के नाम से पाटन क्षेत्र में आज भी हैं। उनके नाम चारों भाईयों के नाम पर हैं।

- अनुपम मिश्र की कालजयी पुस्तक 'आज भी खरे हैं तालाब' से साभार

सीवर के शोधित पानी से जल्द भरी जाएगी बड़खल झील

जागरण संवाददाता, फरीदाबाद : स्मार्ट सिटी प्रपोजल के तहत नगर निगम ने सीवर का पानी शोधित कर बड़खल झील भरने की योजना पर कार्य शुरू कर दिया है। इसके लिए सेक्टर-21ए स्थित सीवरेज डिस्पोजल पर निजी कंपनी वाटरनीर के मोबाइल क्लैरीफायर सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का ट्रायल शुरू किया है। फिलहाल शोधित पानी को सेक्टर-21ए में पार्क व ग्रीन बेल्ट की सिंचाई के लिए प्रयोग किया जाएगा।

दो महीने ट्रायल के दौरान नगर निगम के मानकों पर खरा उतरने के बाद इसे बड़खल में डालना शुरू किया जाएगा। वाटरनीर कंपनी की निदेशक चांदनी सूद ने बताया कि प्लांट की क्षमता 10 हजार लीटर प्रति घंटा है। दिन में दस घंटे काम करने पर यह 1 लाख लीटर पानी को शोधित करता है। यह प्लांट पूरी तरह ऑटोमैटिक है। एक बार शुरू करने के बाद इसमें ऑपरेटर की आवश्यकता नहीं पड़ती। यह प्लांट बहुत कम जगह घेरता है, साथ ही इसे एक स्थान से दूसरे स्थान पर भी ले जाया जा सकता है। यह प्लांट पानी को साफ करने के साथ ही उसमें से केमिकल भी दूर करता है। यह पानी पेड़ पौधों की सिंचाई के लिए पूरी तरह उपयुक्त होता है। सेक्टर-21ए के डिस्पोजल पर सेक्टर-21ए के अलावा सेक्टर-21बी, 21सी, 21डी, एसजीएम नगर व फतेहपुर चंदीला के सीवरेज का पानी पहुंचता है। यहां हर रोज लाखों लीटर गंदा पानी निकालकर नाले में बहा दिया जाता है।

सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का ट्रायल शुरू किया गया है। अगर कंपनी हमारी जरूरतों और मानकों पर खरा उतरेगी तो उसे बड़खल झील भरने का काम सौंपा जाएगा। यह पानी आसपास के सेक्टरों में पार्कों व बागवानी के कार्यों के लिए भी प्रयोग किया जाएगा। इससे स्वच्छ पानी का एक बड़ा हिस्सा बचेगा। **-डॉ. आदित्य दहिया**, आयुक्त नगर निगम फरीदाबाद।

सेक्टर-21ए में ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण करने पहुंचे कार्यकारी अभियंता एसके अग्रवाल। जागरण

विविध गतिविधियां

गोल्ड फील्ड के कर्मचारी अभय चौटाला से मिले

इनेलो नेता अभय सिंह चौटाला को गोल्ड फील्ड कॉलेज के कर्मचारी अरविंद भारद्वाज के नेतृत्व में ज्ञापन सौपते हुए। जागरण

जासं, फरीदाबाद : विधानसभा में विपक्ष के नेता अभय सिंह चौटाला को गांव छायंसा स्थित गोल्ड फील्ड कॉलेज के कर्मचारियों ने ज्ञापन सौंपा। उनका नेतृत्व युवा इनेलो जिला अध्यक्ष अरविंद भारद्वाज कर रहे थे। इस मौके पर कर्मचारियों ने चौटाला को बताया वे सभी कॉलेज बंद होने से भूखमरी के कगार पर पहुंच गए हैं। क्योंकि उन्हे पिछले करीब एक वर्ष से वेतन नहीं मिला है। जिससे उनकी आर्थिक स्थिति पूरी तरह से डांवाडोल हो गई है। कर्मचारियों को अभय सिंह चौटाला ने आश्वासन देते हुए कहा कि जनता के सुख दुख से भाजपा सरकार को कोई लेना देना नहीं है। उन्होंने कहा कि वे उनके इस प्रकरण को विधानसभा में उठाएंगे और इस कॉलेज को खुलवाने का पूरा प्रयास करेंगे। इस मौके पर अरविंद भारद्वाज ने कहा कि इस कॉलेज के बंद होने से सैकड़ों लोग बेरोजगार हो गए है। इस कॉलेज मे शिक्षा ग्रहण करने वाले छात्रों का भविष्य भी अंधकार में है। 10 दिनों में अगर यह कॉलेज नहीं खोला तो इनेलो आंदोलन चलाएगी, क्योंकि वह बेरोजगार लोगों व युवाओं के भविष्य को खराब नहीं होने देगी। इस अवसर पर पवन कुमार, नरेश भारद्वाज, भूषण कुमार, हरीश कुमार, जितेंद्र राठौर, आशा देवी, शारदा रानी, राजेंद्र कुमार, श्रीपाल, भरतलाल, मेमबती, कांता देवी उपस्थित थीं।

सामाजिक समरसता के लिए चलेगी मुहिम

जासं, फरीदाबाद : आम आदमी पार्टी राज्य में सामाजिक समरसता के लिए 'मेरी जाति हिन्दुस्तानी' नाम से एक मुहिम चलाएगी। इसकी शुरुआत आगामी 14 मई को रोहतक से की जाएगी। इसका निर्णय बृहस्पतिवार को जिला कार्यालय में पर हुई बैठक में लिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए फरीदाबाद लोकसभा के अध्यक्ष रणवीर चंदीला व जिलाध्यक्ष मंजु गुप्ता ने कहा कि प्रदेश का सामाजिक ताना-बाना भाजपा के कुशासन के चलते तार तार हो गया है, जिसे पुन: स्वस्थ व समृद्ध बनाने के लिए पार्टी प्रदेश में मुहिम चलाएगी। इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए फरीदाबाद से भारी संख्या में कार्यकर्ता रोहतक जाएंगे। मुहिम में रोहतक के लिए 100 से अधिक गाड़ियां लेकर 500 से अधिक कार्यकर्ता रोहतक पहुंचेंगे। इस मौके पर शैलेश अवस्थी, अनुराधा चावला, रविंद्र दलाल, दीप्ति त्यागी, विनय यादव, डीके वर्मा, वाइके शर्मा, धर्मवीर डागर, सुबोध शर्मा, दिनेश जाजरू, गीता शर्मा और पूनम सिनसिनेवाल मौजूद थीं।

पुलिस आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

पुलिस आयुक्त डॉ. हनीफ कुरैशी को ज्ञापन देते प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव बलजीत कौशिक। जागरण

जासं, फरीदाबाद : दो महीने पहले गाजीपुर रोड पर एक युवक की हत्या के दो आरोपियों को गिरफ्तार न किए जाने से नाराज लोगों ने बृहस्पतिवार को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव बलजीत कौशिक की अगुवाई में पुलिस आयुक्त डॉ. हनीफ कुरैशी से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। बलजीत कौशिक ने बताया कि 15 मार्च को एक युवक ने अपनी बहन के साथ छेड़छाड़ का विरोध किया था तो मनचले युवकों ने उस पर चाकू से हमला कर दिया था। गंभीर रूप से घायल युवक लक्ष्मण ने अस्पताल में दम तोड़ दिया था। पुलिस ने लक्ष्मण के भाई कमल के बयान पर इलाके के कपिल, दीपक, सचिन और सूरज पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया था। दीपक और कपिल को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया, जबकि अन्य दोनों आरोपी अब भी फरार है। लोगों को आश्वासन देते हुए पुलिस आयुक्त कुरैशी ने कहा कि मामले की नए सिरे से जांच करवाई जाएगी। इस मौके पर गजराज प्रधान, भाजपा नेता सतीश फागना,मेहरचंद, सुरेश नंबरदार, चंद्रभान शर्मा, राजू शर्मा अजरौंदा, संतोष कौशिक भूप सिंह, सोनू मखीजा, तेजपाल भड़ाना, महिपाल, विजय, बुद्धराम, महेश, नरेंद्र, भोला, जीतू, विष्णु, अंगूरी देवी, राधा, सुनीता, रितु रेशमा, किशोर, मायाराम, तेजपाल, गोविंदा, रामबीर, बाबूलाल, रामकेश, नरेश, जयवीर, भगत, कालू, रामबिलास, अतरसिंह, अनुज, मनोज, कुलदीप, मोहनलाल मौजूद थे।

सीएम की डिजिटल रैली को लेकर भाजपा की हुई बैठक

जासं, फरीदाबाद : 14 मई को फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र में होने वाली मुख्यमंत्री की डिजिटल रैली की तैयारियों को लेकर सेक्टर-11 स्थित मिलन वाटिका भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक प्रदेश महामंत्री संदीप जोशी की अध्यक्षता में हुई। उन्होंने कहा कि विधायक विपुल द्वारा आयोजित इस रैली फरीदाबाद वासियों को एक नया अनुभव होगा। लोगों को अहसास होगा कि भाजपा सरकार में देश, प्रदेश व जिला कितना हाईटेक हो गया है। रैली के आयोजक विपुल गोयल ने कहा कि इस रैली का मुख्य ध्येय जनता तकनीकी से अवगत कराना है। उन्होंने कहा कि उनका प्रयास फरीदाबाद को विश्व के मानचेस्टर पर ले जाना है। बैठक में बैठक में मुख्य संसदीय सचिव सीमा त्रिखा, विधायक विपुल गोयल, जिलाध्यक्ष गोपाल शर्मा, महामंत्री देवेंद्र चौधरी, सोहनपाल छोंकर, तिगांव से राजेश नागर, जिला उपाध्यक्ष एमसी मित्तल, पूर्व जिलाध्यक्ष अजय गौड़, यशवीर डागर, सुरेंद्र तेवतिया, नीरा तोमर, जिला परिषद चेयरमैन विनोद चौधरी, मीडिया प्रभारी अनिल प्रताप सिंह उपस्थित थे।

विधायक ने रैली स्थल का लिया जायजा

जासं, फरीदाबाद : सेक्टर-17 माडर्न स्कूल के सभागार में 14 मई को होने वाली देश की पहली डिजिटल रैली को लेकर बृहस्पतिवार को विधायक विपुल गोयल ने कार्यक्रम स्थल का दौरा किया। विपुल ने एसडीएम महावीर प्रसाद, एसीपी सीआइडी राज कुमार, जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा के साथ सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। विपुल गोयल ने बताया कि रैली वाले दिन शहर के विभिन्न हिस्सों में अलग-अलग जगहों पर 15 से अधिक बड़े-बड़े एलइडी स्क्रीन लगाई जाएगी।

भाजपा प्रदेश महामंत्री संदीप जोशी डिजिटल रैली को लेकर पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए। जागरण

65 लाख रुपये के विकास कार्यों से होगा समस्याओं का समाधान

एनआइटी नंबर एक की ओल्ड सब्जी मंडी में विकास कार्यों को शुभारंभ करतीं मुख्य संसदीय सीमा त्रिखा। जागरण

जागरण संवाददाता, फरीदाबाद : एनआइटी नंबर एक में ओल्ड सब्जी मंडी के क्षेत्र के लोगों को समस्याओं से छुटकारा मिलेगा। मुख्य संसदीय सचिव सीमा त्रिखा के प्रयास से क्षेत्र में लगभग 65 लाख रुपये की कीमत से इंटरलॉकिंग सड़क, टाइल्स, पानी की लाइन, टॉयलेट ब्लॉक, ट्यूबवेल पर खर्च किए जाएंगे, जिससे क्षेत्रवासियों को राहत मिलेगी। मुख्य संसदीय सचिव सीमा त्रिखा ने इन कार्यों का शुभारंभ किया।

क्षेत्रवासियों ने सीमा त्रिखा का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर सीमा त्रिखा ने कहा कि विकास कार्यों के लिए धन की कहीं कोई कमी नहीं है और अधिकारियों को चाहिए कि जनहित से जुड़े विकास कार्यों को तेजी से पूरा कराकर लोगों को विकास कार्यों का लाभ दिलाएं। इस अवसर पर बिशंबर भाटिया, आंनदकांत भाटिया, प्रवीण खत्री, दिनेश भाटिया, मनोज नासवा, राजन मुथरेजा, ओमप्रकाश ढींगड़ा, सुनील भाटिया, जसवंत सिंह, सुरेंद्र शर्मा, संजय मेहद्रु, नरेंद्र आहूजा, जुगल किशोर आहूजा, जोगिंद्र चावला, अमित आहूजा, अवतार सिंह गुलाटी, कृष्ण अदलक्खा, प्रकाश दुआ, प्रेम नरुला, राजीव नौनिहाल, सतपाल सिंह, सुभाष चंद्र, दिनेश भाटिया, शिवदयाल, धनश्याम, रविंद्र चितकारा तथा राकेश शास्त्री उपस्थित थे।

बकाया वसूली के लिए चलेगा अभियान

जागरण संवाददाता, फरीदाबाद : नगर निगम पानी, सीवर शुल्क, व्यापारिक व औद्योगिक इकाईयों के लाइसेंस फीस व गृहकर के बकाया वसूली के लिए विशेष अभियान चलाएगा। इसके लिए नगर निगम आयुक्त डॉ. आदित्य दहिया ने बृहस्पतिवार निगम के कराधान विभाग के अधिकारियों की बैठक ली।

बैठक में नगर निगम के फरीदाबाद ओल्ड जोन के संयुक्त आयुक्त अमरदीप जैन, अंकेक्षक विभाग के संयुक्त निदेशक राकेश शर्मा, वित्त नियंत्रक राजीव शर्मा, सभी कार्यकारी अभियंता, लेखा अधिकारी, सभी क्षेत्रीय एवं कर अधिकारी और कराधान विभाग के समस्त कर्मचारी बैठक में उपस्थित थे। प्रशंसनीय कार्य करने वाले फरीदाबाद ओल्ड के लिपिक दयाचंद गुप्ता, बल्लभगढ़ से निरीक्षक चिरंजी लाल गोगिया और एनआइटी फरीदाबाद से निरीक्षक सुभाष चंद को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। बैठक के बाद डॉ. दहिया ने बताया कि निगम के गृहकर की मांग एवं एकत्र होने वाली राशि के सारे आंकड़े कंप्यूटराइज्ड किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि 2.50 लाख यूनिट में से 75 हजार इकाइयों के डाटा कंप्यूटराइज्ड कर लिए गए हैं। निगम समस्या आंकड़ों को कंप्यूटराइज्ड करने के बाद बकाया वसूली को 31 मई तक विभिन्न क्षेत्रों में शिविरों का आयोजन करेगा। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए चिन्हित 66 कालोनियों के भू-स्वामियों से विकास शुल्क की राशि की वसूली के लिए सर्वे का कार्य भी शीघ्र शुरू किया जाएगा।

सिंहस्थ मेले के लिए आज से चलेगी स्पेशल ट्रेन

जासं, फरीदाबाद : उज्जैन में आयोजित सिंहस्थ कुंभ मेले के शाही स्नान में जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए खुशखबरी है। उत्तर रेलवे ने श्रद्धालुओं के लिए शुक्रवार से स्पेशल ट्रेन चलाने जा रहा है। ट्रेन शुक्रवार को नई दिल्ली से उज्जैन होते हुए रतलाम के लिए दौड़ेगी। अहम बात यह है कि ट्रेन का फरीदाबाद रेलवे स्टेशन पर ठहराव दिया गया है। इसके अलावा यह पूरी ट्रेन जनसाधारण होगी। शनिवार को ही यह ट्रेन उज्जैन पहुंच जाएगी। 21 अप्रैल से 25 मई तक उज्जैन में सिंहस्थ कुंभ मेला आयोजित हो रहा है। ऐसे में देश के विभिन्न क्षेत्रों से काफी संख्या में श्रद्धालु मेले में पहुंचते हैं। शाही स्नान को लेकर शुक्रवार को रेलवे नई दिल्ली से रतलाम के लिए स्पेशल जनसाधारण चलाने जा रहा है। इस ट्रेन को फरीदाबाद रेलवे स्टेशन पर भी ठहराव दिया गया है। कुंभ मेले के लिए फरीदाबाद को पहली स्पेशल ट्रेन मिली है। इस ट्रेन में 16 जनरल कोच होंगे। ट्रेन शुक्रवार की शाम 7:30 बजे नई दिल्ली से चलेगी और 8:00 बजे फरीदाबाद पहुंचेगी और ट्रेन शनिवार को उज्जैन पहुंच जाएगी।

योग शिविर में सैकड़ों लोगों ने की भागीदारी

महाराणा प्रताप पार्क में भाग लेने आए पतंजलि योग समिति के कार्यकर्ता व योग शिक्षिक। जागरण

जासं, फरीदाबाद : चावला कॉलोनी के महाराणा प्रताप पार्क में पतंजलि योग समिति के कार्यकर्ताओं की ओर से पांच दिवसीय योग शिविर का आयोजन शुरू किया गया। बृहस्पतिवार को युवा भारत के राज्य प्रभारी प्रदीप डागर, महिला पतंजलि योग समिति के सह जिला प्रभारी सरिता चौधरी, सह तहसील प्रभारी राजबाला शर्मा, तहसील प्रभारी दिनेश गुप्ता और वार्ड नंबर-25 के प्रभारी संजीव चौहान ने योग कराया। इन पदाधिकारियों ने कई प्रकार के प्राणायाम कपाल भारती, उज्जायी, अनुलोम विलोम, भ्रामरी तथा तथा कई प्रकार के आसन कराए। लोगों को सूर्य नमस्कार आदि कराने के साथ-साथ स्वदेशी वस्तुओं के प्रयोग पर बल दिया तथा अंग्रेजी दवाइयों की बजाए आयुर्वेद के प्रयोग के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर प्रदीप डागर ने योग से होने वाले लाभों से अवगत कराते हुए कहा कि योग से हमारा शरीर स्वस्थ और व्यक्तिगत आकर्षक बनता है तथा योग करने से मनुष्य का दिल मजबूत होता है। तनाव से मुक्ति मिलती है। रक्तचाप की समस्या नहीं होती। प्रदीप डागर ने 17 जून से 21 जून तक मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मे सेक्टर-12 हुडा मैदान में अधिक से अधिक संख्या में लोगों से पहुंचने की अपील की। इस अवसर पर प्रेम बहल, बीके मनी, उदयनारायण, हरबीर सिंह, देवी सिंह भाटी, संतोष कुमारी, धर्म सिंह, जीत सिंह, राज कुमार वर्मा, उमेश प्रसाद, पुष्पा देवी और सुषमा देवी मौजूद थी।

बढ़ेगा खेल : फरीदाबाद में पहली बार खोली जा रही है स्नूकर बिलियर्ड्स सर्टिफाइट कोर्स अकादमी

औद्योगिक नगरी में स्नूकर-बिलियर्ड्स खेल का उठाए लुत्फ

जागरण संवाददाता, फरीदाबाद: विदेशी खेल स्नूकर-बिल्यिडर्स के शौकिन खिलाड़ी इस खेल में हाथ अजमा सकेंगे। हरियाणा की औद्योगिक नगरी फरीदाबाद में पहली स्नूकर बिलियर्ड्स सर्टिफाइट कोर्स अकादमी खोली जा रही है। हरियाणा स्नूकर एंड बिलियर्ड्स एसोसिएशन इस अकादमी को फरीदाबाद में बना रही है। फरीदाबाद के अशोका एन्क्लेव में यह अकादमी लगभग तैयार हो चुकी है। जहां पर नए खिलाड़ी इस खेल को सीखने के साथ इसमें करियर बनाने को कोर्स कर सकेंगे। वह इस कोर्स को करने के बाद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व करेंगे।

अभी तक इस खेल के तहत खिलाड़ियों से कोर्स बिगनर्स, एडवांस और प्रोफेशनल के तहत इंट्री ली जाती है। आई इंट्री के तहत शामिल खिलाड़ियों का ट्रॉयल लिया जाएगा। ट्रॉयल मई के आखिरी सप्ताह में लिया जाना तय किया गया है, जिसके आधार पर ही उन्हें कोर्स में दाखिला दिया जाएगा। पहले बैच में 90 खिलाड़ियों को जगह दी जाएगी। स्नूकर-बिलियर्ड्स खेल सिखाने के साथ थ्योरी भी पढ़ाई जाएगी। साथ ही करियर को आगे बढ़ाने के टिप्स दिए जाएंगे। इसके अलावा पर्सनेल्टी डेवलपमेंट और इंग्लिश कम्यूनिकेशन की शिक्षा भी दी जाएगी, ताकि इस खेल में करियर को आगे बढ़ाने में नए खिलाड़ी को आगे कोई दिक्कत न आए।

अशोका एन्क्लेव में तैयार हो रही स्नूकर बिलियर्ड्स अकादमी में खेलता युवा। जागरण

फरीदाबाद के इस खेल में हरियाणा में अधिक खिलाड़ी है। यहां के कई खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का दम दिखा चुके है। इस खेल को बढ़ाने में उनकी मदद भी ली जा सके। इसके लिए ही यहां पर अकादमी खोलने का निर्णय लिया गया। जून में इस अकादमी को शुरू कर दिया जाएगा। **-शिखा फयाश कुरैशी**, प्रवक्ता हरियाणा स्नूकर एंड बिलियर्ड्स एसोसिएशन।

60 से 80 रुपये तक फीस : स्नूकर बिलियर्ड्स दो हजार स्कवायर फीट एरिया में तैयार किया गया है। इस खेल को खेलने वाले युवाओं से 60 से 80 रुपये तक प्रतिघंटे फीस ली जाएगी। फीस कम रखी गई है, ताकि युवाओं में इस खेल के प्रति लगन हो।

वेबसाइट नहीं खुलने से खिलाड़ी परेशान

जागरण संवाददाता, फरीदाबाद: युवा एवं खेल विभाग की ओर से पहली बार कैश अवार्ड के लिए शुरू की गई ऑनलाइन प्रक्रिया कोरा साबित हो रही है। विभाग की डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू.हरियाणा.गर्वमेंट. इन की वेबसाइट पर कैश अवार्ड के लिए जो प्रपत्र जारी किया है वह डाउनलोड नहीं हो रहा है, जबकि आवेदन के लिए अंतिम तिथि 30 मई निर्धारित की गई है। ऐसे में खिलाड़ी वेबसाइट को सही करने की मांग कर रहे हैं।

राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उम्दा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मान के रूप में कैश अवार्ड दिया जाता है। इस अवार्ड को प्राप्त करने के लिए अंतरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने वाले खिलाड़ियों को के प्रमाण पत्र आवेदन फार्म के साथ सलंग कर जिला खेल अधिकारी के पास जमा करवाने पड़ते थे। इसके लिए खिलाड़ी को चक्कर भी लगाने पड़ते थे। इसके चलते खिलाड़ियों को राहत देने के मकसद से खेल विभाग की ओर से पहली बार ऑनलाइन प्रक्रिया शुरू की गई, जो कि कोरा साबित नजर आ रही है।

- वेबसाइट पर कैश अवार्ड के लिए जारी किया गया प्रपत्र

तकनीकी कारण के चलते वेबसाइट खुल नहीं रही है। ऐसे मे खिलाड़ी अपना समय न गवाएं और खेल परिसर में आकर ऑफ लाइन आवेदन कर सकते हैं। 31 मई के बाद आवेदन स्वीकृत नहीं किए जाएंगे। **-सुनील भारद्वाज**, जिला खेल अधिकारी।